राजस्थान सरकार
निदेशालय, संस्कृत–शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

ब्लॉक नं. 6 डॉ. आर.के.शिक्षा संकुल, जे.एल.एन.मार्ग, जयपुर
Email- director.sanskrit@gmail.com

क्रमांक :– निसशि/मैरिट अनु./अध्या./लेवल–II/2017–18/142555 जयपुर, दिनांक : 5/11/2018

विज्ञप्ति

निदेशालय संस्कृत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के विज्ञापन संख्या 2/2017–18 दिनांक 05.02.2018 एवं संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 06.02.2018 द्वारा अध्यापक लेवल द्वितीय (कक्षा 6 से 8) विषय गणित–विज्ञान (ग्रेड–III) (TSP एवं Non TSP) के 571 विज्ञापित पदों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर अस्थायी वरीयता सूची निर्मित कर अस्थाई चयन सूची तथा रिक्तियों के पचास प्रतिशत तक अभ्यर्थियों की प्रतिक्षा सूची जारी कर सूची में अंकित अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन (मूल प्रमाण पत्र/अंकतालिकाओं के सत्यापन) हेतु दिनांक 24.09.2018 से 28.09.2018 एवं दिनांक 03.10.2018 को आमंत्रित किया जाकर दस्तावेजों का सत्यापन किया गया था।

दस्तावेज सत्यापन में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा राज्य से बाहर स्थित विश्वविद्यालय/संस्थान से प्राप्त डिग्री/प्रमाणपत्र प्रस्तुत किये है। ऐसे दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित विश्वविद्यालय से कराया जाना हैं।

अभ्यर्थी जिन्होने राज्य से बाहर स्थित विश्वविद्यालय/संस्थान से डिग्री/प्रमाणपत्र अर्जित की है, वे अपनी स्नातक/शिक्षा स्नातक की मूल डिग्री व अंकतालिका तथा संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा सत्यापन हेतु वांछित शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट (संबंधित विश्वद्यिालय के पक्ष में) बनाकर निदेशालय संस्कृत शिक्षा में दिनांक 15.11.2018 भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

जिससें डिग्री/प्रमाणपत्र का सत्यापन कराकर नियुक्ति संबंधी कार्यवाही पूर्ण की जा सकें।

निदेशक
संस्कृत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर